दिन–रविवार दिनांक– 31 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उपप्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। राष्ट्रपति ने वयोवृद्ध नेता श्री आडवाणी के आवास पर जाकर स्वयं उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर व्यक्तित्व लाल कृष्ण आडवाणी ने दृढ़ समर्पण और असाधारण कौशल के साथ सात दशकों से भी अधिक समय तक देश की सेवा की। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि देश के गृहमंत्री और उप –प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखा जिसने उन्हें दलगत राजनीति से उपर उठकर उन्हें पूरे देश का सम्मान दिलाया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और श्री आडवाणी के परिवार के सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे।

————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा वर्ष दो हजार चौबीस का परिणाम जारी कर दिया है। इस वर्ष लगभग तिरासी प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। पूर्णिया के शिवांकर कुमार ने चार सौ नवासी अंक के साथ राज्यभर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। वहीं, समस्तीपुर के आदर्श कुमार दूसरे स्थान पर रहे हैं। तीसरे स्थान पर सिमुलतला जमुई के आदित्य कुमार रहे हैं। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने आज परिणाम जारी करते हुए बताया कि कुल बयासी दशमलव नौ–एक प्रतिशत छात्र सफल रहे हैं। चार लाख बावन हजार से अधिक विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन में पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल से विशेष और कम्पार्टमेंटल परीक्षा का फार्म भरा जा सकेगा, जबकि मई के महीने में कम्पार्टमेंटल विषय का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

————————————————————

वर्ग नौ से बारहवीं तक के नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा का परिणाम दो अप्रैल तक घोषित कर दिया जाएगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने यह जानकारी दी है। आज संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि माध्यमिक और उच्च माध्यमिक वर्गों के शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा का परिणाम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई की चार सीटों पर नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गयी। उन्नीस अप्रैल को यहां मतदान होना है। नामांकन पत्रों की जांच में उनतालीस प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये। इस चरण में बहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था, जिसमे तैंतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। इन सभी सीटों पर नाम वापसी की अंतिम तारीख दो अप्रैल है।

———————————————————————

इधर, लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन का कार्य जारी है। इस चरण में पांच संसदीय क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। कल किशनगंज संसदीय क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले जदूय प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने पूर्णिया संसदीय सीट से नामांकन किया था। दूसरे चरण की सभी संसदीय सीटों पर अभी तक दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये हैं। पांचों संसदीय सीटों पर चार अप्रैल तक नामांकन दाखिल किये जा सकते हैं।

———————————————————————

पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास पर दोनों नेताओं के बीच चुनावी रणनीति पर चर्चा की गयी। इधर, खगड़िया से लोक जनशक्ति पार्टी—रामविलास के प्रत्याशी राजेश वर्मा ने भी मुख्यमंत्री से सीएम आवास पर मुलाकात की। लोकसभा चुनाव में घोषित प्रत्याशियों की मुख्यमंत्री से मुलाकात को एनडीए की एकजुटता के प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है।

———————————————————————

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौटी गांव में एक भीषण सड़क हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गयी, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– नौ सौ बाईस परएक पिकअप वैन के पलट जाने से यह हादसा हुआ। वाहन पर सवार इक्कीस मजदूर फसल कटाई के बाद घर लौट रहे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरी शोक–संवदेना व्यक्त की है।

————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में वृद्धि दर्ज किये जाने से गर्मी बढ़ गयी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बक्सर, वैशाली, औरंगाबाद और नवादा समेत राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि होने की संभावना है। इसके प्रभाव से कई स्थानों पर गर्म हवा चल सकती है।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।